मनमानी | सूर्य नमस्कार के बाद स्कूलों मे ताले, शिक्षा व्यवस्था पर सवाल

# खड्डा, पपरेड़ी हायर सेकंड्री स्कूल में लटका मिला ताला

**ब्योहारी, नवभारत।** सोमवार को विकासखण्ड अंतर्गत स्कूलों में सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों, जनप्रतिनिधियों से लेकर सरकारी अफसर और कर्मचारी तक शामिल हुए। आयोजन संपन्न होते ही शिक्षा व्यवस्था की एक चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई। विकासखण्ड ब्योहारी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खड्डा और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पपरेड़ी में ताले लटके मिले जबकी विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार स्कूल बंद रखने को लेकर प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक आदेश जारी नहीं किया गया था। नियमों के अनुसार कार्यक्रम के बाद स्कूलों का संचालन सामान्य रूप से होना था, इसके बावजूद स्कूलों में शिक्षक उपस्थित नहीं रहे और स्कूल बंद रहे। हालांकि विकासखण्ड अंतर्गत अधिकांश स्कूल संचालित पाए गए, लेकिन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खड्डा और उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पपरेड़ी की स्कूलों के बंद रहने की स्थिति सामने आई है। बंद स्कूलों की तस्वीरें न सिर्फलापरवाही को उजागर कर रही हैं, बल्कि विकासखण्ड ब्योहारी की शिक्षा व्यवस्था की जमीनी हकीकत पर भी गंभीर सवाल खडे कर रही हैं। गौरतलब है कि सूर्य नमस्कार के वाद स्कूलों का विधिवत संचालन किया जाना था लेकिन कार्यक्रम के बाद शिक्षकों द्वारा स्वघोषित छुट्टी कर ली गयी और स्कूलों से नदारद रहे। लेकिन छात्रों ने समय पर स्कूल पहुंचकर शिक्षकों के आने का का इंतजार करते रहे, काफी समय तक शिक्षक स्कूल नहीं पहंचे और ताला नहीं खुला तो बच्चे भी अपने घरों की तरफ रवाना हो गये। इस संबंध मे जब जबाबदार अधिकारी से पूँछा गया तो उनके द्वारा अवकाश से इंकार कर दिया साथ ही लापरवाह शिक्षकों के विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कह रहे है।



### इनका कहना है

सूर्य नमस्कार के बाद स्कूल का संचालन किया जाना था। स्कूल बंद किये जाने संबंधी कोई निर्देश नहीं था। यदि स्कूल बंद किया गया है तो नोटिस जारी कर कार्यवाही की जायेगी।

**ब्रम्हानंद श्रीवास्तव**
**विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ब्योहारी**

सुबह 8 बजे से सूर्य नमस्कार था। सबको बुला लिये थे।9 बजे सूर्य नमस्कार का कार्यक्रम खत्म हुआ 11 बजे हम लोग स्कूल से आ गये है। सूर्य नमस्कार के बाद स्कूल बंद करने का सब जगह निर्देश था।

**शशिकांत शर्मा**
**प्राचार्य शा. उच्च. माध्यमिक विद्यालय खड्डा**

सुबह 8.30 से कार्यक्रम था इसलिये 1.30 बजे स्कूल बंद कर दिये थे, छुट्टी का कोई आदेश नहीं था।

**आनंदराम कंवर**
**प्राचार्य शा. उच्च. माध्यमिक विद्यालय पपरेड़ी**



## महिला क्लब ने मनाया मकर संक्रांति, लोहड़ी व विश्व हिंदी दिवस

**शहडोल, नवभारत।** दिव्य मुस्कान महिला क्लब द्वारा मकर संक्रांति और लोहड़ी का पर्व बड़े उत्साह, उल्लास और पारंपरिक रंगों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब की संस्थापक अध्यक्ष निभा गुप्ता ने की। इस अवसर पर पर्व की खुशियों के साथ-साथ विश्व हिंदी दिवस भी मनाया गया, जिसमें प्रेरणादायक गीतों के मधुर पाठ के माध्यम से हिंदी भाषा के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी गईं।कार्यक्रम के दौरान मनोरंजक खेलों के साथ सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिसमें विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक उपहार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। मकर संक्रांति और लोहड़ी के इस रंगारंग आयोजन की मेजबानी दशमी अरोड़ा, जगजीत बग्गा, निर्मल बग्गा, रिनू कटारे, रितु गुप्ता एवं अदिति तिवारी ने की, जिसे सभी सदस्यों ने खूब सराहा। क्लब की सभी सदस्यों ने पारंपरिक व स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेते हुए कार्यक्रम के हर पल को यादगार बनाया। इस अवसर पर अध्यक्ष निभा गुप्ता ने संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत प्रत्येक बस्ती में आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन की जानकारी देते हुए सभी से बढ़-चढ़कर सहभागिता करने का आह्वान किया। दिव्य मुस्कान महिला क्लब सामाजिक सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय रहा है। इसी क्रम में विभिन्न वार्डों एवं बस्तियों में सेवा कार्यों को आगे बढ़ाने हेतु नई योजनाओं पर चर्चा कर आगामी सेवा गतिविधियों की रूपरेखा तैयार की गई।कार्यक्रम में क्लब की संरक्षिका मंजू गुप्ता, सचिव अंजना सिंह आर्या, नीति सिंघल सहित क्लब की सभी सम्मानित सदस्य बहनें उपस्थित रहीं। उत्सव, संस्कृति, भाषा और सेवा के संगम से सजा यह आयोजन उपस्थित सभी सदस्यों के लिए यादगार बन गया।

# सुशासन की दिशा में आयुक्त शहडोल संभाग का नवाचार

▶ **संभाग अन्तर्गत आवेदक राजस्व संवंधी शिकायतें क्यू आर कोड के माध्यम से दर्ज करा सकेंगे**




**शहडोल, नवभारत।** सुशासन की दिशा में आयुक्त शहडोल संभाग सुरभि गुप्ता ने नवाचार करते हुए राजस्व विभाग में आम नागरिकों की शिकायतें दर्ज कराने हेतु क्यू आर कोड प्रणाली प्रारंभ की है। इस पहल से अब संभाग के तीनों जिलों के आम नागरिक राजस्व विभाग से संबंधित अपनी समस्याएं क्यूआर कोड के माध्यम से सीधे दर्ज करा सकेंगे। आयुक्त शहडोल संभाग सुरभि गुप्ता, उपायुक्त राजस्व मिनिषा पाण्डेय, संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश द्वारा क्यू आर कोड जारी किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के संभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

इस नवाचार का उद्देश्य नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, नक्शा तरमीम, अभिलेख दुरुस्ती जैसी राजस्व संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण करना है। जिनका समाधान तहसील स्तर पर ही संभव है, वर्तमान में जानकारी के अभाव में दूरस्थ अंचलों से ग्रामीण एवं आम नागरिक जनसुनवाई के माध्यम से अपने आवदेन दर्ज कराते हैं। इस प्रणाली के लागू हो जाने से उन्हें शासकीय कार्यालयों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। जिससे उनके समय और धन की बचत होगी। संभागीय तकनीकी सलाहकार आर.सी. एम.एस. उपेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम चरण में राजस्व विभाग से संबंधित शिकायतों के शीघ्र निराकरण के उद्देश्य से संभाग स्तरीय सुरक्षित क्यूआर कोड डिजाइन किया गया है। जिसके माध्यम से आम नागरिक अपनी समस्या सरलता से दर्ज करा सकेंगे।

### क्यूआर कोड की कार्य प्रणाली

यह क्यूआर कोड पूर्णतः सुरक्षित है, जिसके मध्य में राज्य शासन का मोनो अंकित किया गया है। क्यूआर कोड स्कैन करते ही एक ऑनलाइन फॉर्म खुलेगा, जिसमें आवेदक को अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर तथा समस्या की श्रेणी जैसी मूलभूत जानकारी भरनी होगी। फॉर्म सबमिट करते ही शिकायतकर्ता को मोबाइल पर पुष्टि संदेश प्राप्त होगा, साथ ही भरी गई जानकारी उसकी ई-मेल आईडी पर भी स्वतः भेज दी जाएगी।शिकायत प्राप्त होते ही वह सीधे कमिश्नर कार्यालय, संबंधित अधिकारी एवं संबंधित जिले के कलेक्टर तक पहुंच जाएगी। शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण कर आवेदक को सूचित किया जाएगा। जिसकी समीक्षा आयुक्त शहडोल संभाग द्वारा समय-समय पर की जाएगी।

### आम नागरिकों को मिलेगी बड़ी राहत

इस प्रणाली का मूल उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान हो और उन्हें कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। यह पहल प्रशासन को जनता के और अधिक निकट लाने की दिशा में एक सशक्त कदम है तथा शहडोल संभाग में सुशासन की मिसाल प्रस्तुत करेगी। यह नवाचार निश्चित ही जनता के विश्वास को और मजबूत करेगा तथा डिजिटल माध्यम से प्रशासनिक कार्यों को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाएगा।




## रजवा पड़ाव तेंदूडोल में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया

**गोहपारू।** वन परिक्षेत्र अमझोर अंतर्गत बीट सीधी क्क्ष 456 रजवा पड़ाव तेंदूडोल में अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमझोर और शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक विद्यालय अमझोर के 126 छात्र छात्राएं व 08 अध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में छात्र छात्राओं को अनुभूति किट,अनुभूति टोपी, अनुभूति बुकलेट डायरी,पेन व अनुभूति बैग वितरण किया गया। सभी को स्वल्पाहार कराया गया। कार्यक्रम में अनुभूति वर्ष 2025-26 की नई थीम 'हम हैं धरती के दूत' के बारे बताया गया। बच्चों से 'हम हैं धरती के दूत, हम हैं बदलाव, मै भी बाघ , गीत का गायन कराया गया। सभी को ईको पर्यटन, सर्प हमारे मित्र, संरक्षित क्षेत्र के बारे बताया गया।तत्पश्चात प्रकृति पथ भ्रमण कराया गया। जिसमें पेड़ पौधों ,जीव जंतुओं व जड़ी बूटियों के बारे में जानकारी दी गई और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में स्छरू जयसिंहनगर,ग्राम पंचायत भर्री के सरपंच, पंच व वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष व सदस्य उपस्थित रहे ।तत्पश्चात सभी को दोपहर का भोजन कराया गया।इसके बाद बहुविकल्पी क्विज लिया गया प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम का समापन शपथ ग्रहण पश्चात राष्ट्रगान के साथ किया गया। कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अमझोर का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# तलवार मारकर मां की हत्या, आरोपी पुत्र गिरफ्तार



**शहडोल, नवभारत।** धनपुरी पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि मोहन प्रसाद लोधी, निवासी कछियानटोला धनपुरी द्वारा अपनी मां मुन्नी बाई लोधी की गर्दन में तलवार मारकर हत्या कर दी गई है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल कछियानटोला धनपुरी पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही की गई। घटनास्थल पर सूचनाकर्ता कलशवती लोधी पति मोहन प्रसाद लोधी उम्र 39 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 21/24 कछियानटोला धनपुरी थाना धनपुरी जिला शहडोल (म.प्र.) की रिपोर्ट पर आरोपी मोहन प्रसाद लोधी पिता रामसुफल लोधी, निवासी कछियानटोला धनपुरी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। फरियादिया के अनुसार दिनांक 12.01.2026 को दोपहर में वह अपनी सास मुन्नी बाई लोधी के साथ बाड़ी में प्याज लगा रही थी। इसी दौरान सास चूल्हा के पास प्याज का थरहा काट रही थी, तभी आरोपी मोहन प्रसाद लोधी हाथ में तलवार लेकर आया और सास के गले पर 3-4 वार कर दिए, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना के बाद आरोपी तलवार लेकर मौके से फरार हो गया।दौरान विवेचना आरोपी मोहन प्रसाद लोधी उम्र 42 वर्ष को दिनांक 12.01.2026 को गिरफ्तार किया गया तथा घटना में प्रयुक्त तलवार जप्त की गई। प्रकरण में साक्ष्य पाए जाने पर धारा 25 आर्म्स एक्ट का इजाफा किया गया गिरफ्तार आरोपी को दिनांक 13.01.2026 को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में स्वामी विवेकानंद जयंती पर स्वदेशी रेस का आयोजन



**शहडोल, नवभारत।** पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय, शहडोल के कृषि विभाग द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जन्म जयंती के पावन अवसर पर एक विशेष विभागीय कार्यक्रम के अंतर्गत स्वदेशी रेस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल सचिव प्रो अशीष तिवारी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर प्रमोद कुमार पांडे तथा डॉ. रचना दुबे की गरिमामयी उपस्थिति रही।इस अवसर पर वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के विचारों को स्मरण करते हुए कहा कि उनका संपूर्ण जीवन आत्मविश्वास, राष्ट्रप्रेम, कर्मठता और आत्मनिर्भरता का जीवंत उदाहरण है। स्वामी विवेकानंद का यह संदेशकृ उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत आज भी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बना हुआ है। उनका मानना था कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसके युवाओं की शक्ति, चरित्र और आत्मनिर्भरता पर निर्भर करती है।इन्हीं आदर्शों को आत्मसात करते हुए कृषि विभाग द्वारा आयोजित स्वदेशी रेस का उद्देश्य केवल शारीरिक क्षमता का विकास नहीं, बल्कि स्वदेशी अपनाओ और आत्मनिर्भर बनो जैसे राष्ट्रीय मूल्यों को व्यवहार में उतारना रहा। आयोजन में प्रयुक्त साधन, प्रतिभागियों का पहनावा तथा संपूर्ण अवधारणा स्वदेशी भावना पर आधारित रही। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं शिक्षकों ने कहा कि यह स्वदेशी रेस केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक वैचारिक आंदोलन है, जो युवाओं को अपने देश के संसाधनों, उत्पादों और क्षमताओं पर विश्वास करने की प्रेरणा देता है।

### 14 से 28 जनवरी तक आनंद उत्सव का होगा आयोजन

**शहडोल।** शासन के निर्देशानुसार विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी 14 से 28 जनवरी 2026 के मध्य आनंद उत्सव 2026 का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने संबंधित अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। आनंद उत्सव का उद्देश्य नागरिकों में सहभागिता एवं उत्साह को बढ़ाने के लिये समूह स्तर पर खेल-कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करना है। आनंद उत्सव की मूल भावना प्रतिस्पर्धा नहीं वरन सहभागिता होगी। ग्रामीण व नगरीय क्षेत्र में 14 से 24 जनवरी 2026 तथा विकासखण्ड स्तरीय कार्यक्रम 24 से 28 जनवरी 2026 तक आयोजित किए जाएंगे।


**कार्यालय नगरपालिका परिषद शहडोल, जिला शहडोल (म.प्र.)**
Office of the Municipal Council Shahdol, Distt. Shahdol (M.P.)

D.D. Complex, Near Tagore Park
Shahdol, Distt. Shahdol - 484001
Email:cmoshahdol@mpurban.gov.in,
Ph.No. 07652-245175 (0), 241015(F)

**निविदा आमंत्रण सूचना**

क्रमांक / न.पा.श./9978 — शहडोल, दिनांक :- 09/01/2026

एतद् द्वारा केन्द्रीय पंजीयन पद्धति से पंजीकृत ठेकेदारों से नीचे दिये गये विवरण अनुसार ऑनलाईन पद्धति से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

| एन.आई.टी. नम्बर | ई-टेण्डर नम्बर | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अनुमानित राशि | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र की कीमत | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य की समयसीमा | पोर्टल पर निविदा देखने एवं सबमिट करने का दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9950 | 2025_UAD_474237_1 | CONSTRUCTION OF RCC DRAIN NEAR MODINAGAR WARD NO 15 SHAHDOL AS PER NIT AND ESTIMATE | 14.78 | 11100 | 2000 | Registered Contractors and firms AS PER NIT | 90 days | 09.01.2026 से 09.02.2026 समय 5:30 PM तक |
| 9942 | 2025_UAD_474201_1 | CONSTRUCTION OF CC DRAIN NEAR YOYO GLASS HOUSE WARD NO 24 SHAHDOL AS PER NIT AND ESTIMATE | 9.99 | 10000 | 2000 | Registered Contractors and firms AS PER NIT | 90 days | 09.01.2026 से 24.01.2026 समय 5:30 PM तक |

1. इच्छुक ठेकेदार ऑनलाईन निविदा https:/mptenders.gov.in/ पर देखी जा सकती है।
2. किसी भी प्रकार का एन.आई.टी. से संबंधित शुद्धीपत्र केवल वेबसाईट में प्रसारित किया जावेगा। समाचार पत्रों में नही किया जावेगा। बाकी निविदा संबंधी समस्त विवरण एवं शर्ते ऑनलाईन देखी जा सकती है।
3. निविदा संबंधी शर्ते कार्यालय के लोक निर्माण शाखा में देखी जा सकती है।

**(अक्षत बुंदेला)**
**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगरपालिका परिषद शहडोल जिला-शहडोल (म.प्र.)**



